
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**04 नवंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा का मतलब सिर्फ स्कूल जाना और डिग्री

प्राप्त करना नहीं है, यह ज्ञान प्राप्त करना है।



**शकुंतला देवी**

**( मानव कम्प्यूटर के नाम से प्रसिद्ध )**

जन्म : **04** नवंबर **1929** मृत्यु : **21** अप्रैल **2013**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


# गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित 4 नवम्बर



वर्ष 2008 में 4 नवंबर को मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया। इसके साथ ही नदी को प्रदूषण और अन्य समस्याओं से मुक्त करने के लिए उच्च अधिकार प्राप्त गंगा नदी घाटी प्राधिकरण गठित करने का फैसला लिया था। गंगा हमारी राष्ट्रीय नदी, मोदी से पहले मनमोहन सिंह ने शुरू कर दिया था गंगा की सफाई पर काम, गंगा हमारी राष्ट्रीय नदी; मोदी से पहले मनमोहन सिंह ने शुरू कर दिया था गंगा की सफाई पर काम| आज भले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गंगा और नमामि गंगे बहुत महत्वपूर्ण परियोजनाएं हों, पर यह जानना जरूरी है कि इस पर काम पहले ही शुरू हो गया था। 2008 में 4 नवंबर को मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया। इसके साथ ही नदी को प्रदूषण और अन्य समस्याओं से मुक्त करने के लिए उच्च अधिकार प्राप्त गंगा नदी घाटी प्राधिकरण गठित करने का फैसला लिया था। गंगा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1985 में ही गंगा कार्ययोजना शुरू कर दी थी। फॉलोअप के तौर पर मनमोहन सिंह सरकार ने इसे राष्ट्रीय नदी का दर्जा दिया। 2008 में यह फैसला भी हुआ था कि गंगा नदी घाटी प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होंगे। जिन राज्यों से गंगा नदी बहती है, उनके मुख्यमंत्री इसके सदस्य होंगे। यानी एक तरह से मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ही गंगा नदी पर काम को गति मिली। 2014 में सरकार बदली और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने गंगा नदी को लेकर जोर-शोर से काम शुरू कर दिया। इसमें 20 हजार करोड़ रुपए के बजट से फ्लैगशिप प्रोग्राम नमामि गंगे भी शामिल है। नमामि गंगे केंद्र सरकार की एक योजना है, जिसका उद्देश्य गंगा नदी के प्रदूषण को कम करना और नदी को पुनर्जीवित करना है। इसके लिए केंद्र सरकार ने गंगा कायाकल्प के नाम से अलग से विभाग भी बनाया। इस परियोजना के तहत दिसंबर 2021 तक पहले चरण में विश्व बैंक से 4,535 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके हैं। मिशन के तहत 25,000 करोड़ रुपये की 313 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। मार्च 2020 तक इसमें से सिर्फ 116 पूरी हो पाई थीं। डेडलाइन दिसंबर 2020 की थी। गंगा हिमालय पर्वत से गोमुख में निकलती है, गंगोत्री हिमनद के अंत, और बंगाल की खाड़ी के मुख से गिरती है। यह भारत की एक सीमापारिक नदी है जो भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है। गंगा कार्य योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, गंगा को 2008 में राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था।

# Teachers of Bihar
The change makers

## जयंती विशेष 04 नवंबर




**जमनालाल बजाज** *Jamnalal Bajaj*, जन्म- 4 नवम्बर, 1889, राजस्थान; मृत्यु- 11 फ़रवरी, 1942, वर्धा) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उद्योगपति और मानवशास्त्री थे। वे महात्मा गाँधी के बहुत करीबी और उनके सच्चे अनुयायी थे। गाँधीजी उन्हें अपने पुत्र समान मानते थे। जमनालाल बजाज 1920 में कांग्रेस के कोषाध्यक्ष बने थे तथा इस पद पर वे जीवन भर रहे। उन्होंने वर्धा में 'सत्याग्रह आश्रम' की स्थापना की थी।

# MATH TLM

77 Class-6to8

## वर्गमूल (Square root)

### प्रथम दस संख्याओं का वर्गमूल

$\sqrt{1} = 1$

$\sqrt{2} = 1.41421$

$\sqrt{3} = 1.73205$

$\sqrt{4} = 2$

$\sqrt{5} = 2.23606$

$\sqrt{6} = 2.44948$

$\sqrt{7} = 2.64575$

$\sqrt{8} = 2.82842$

$\sqrt{9} = 3$

$\sqrt{10} = 3.16227$

Anu Priya, Science Teacher

TOB

खेल कॉर्नर



# टी-20 में होबार्ट में सबसे बड़ा रन चेज

| टीम | खिलाफ | रन | साल |
|---|---|---|---|
| भारत | ऑस्ट्रेलिया | 188/5 | 2025 |
| आयरलैंड | स्कॉटलैंड | 180/4 | 2022 |
| ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | 161/5 | 2018 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **04.11.2025**

## आत्म-अभिव्यक्ति

आत्म-अभिव्यक्ति **(Self-expression)** का अर्थ है अपने विचारों, भावनाओं, व्यक्तित्व और विशिष्ट पहचान को विभिन्न माध्यमों, जैसे कि कला, संगीत, लेखन, नृत्य, या दैनिक जीवन के कार्यों के माध्यम से दूसरों के सामने प्रकट करना। यह किसी व्यक्ति के आंतरिक स्व **(inner self)** को बाहरी दुनिया में ईमानदारी और विशिष्टता के साथ प्रस्तुत करने की प्रक्रिया है।

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**क्या आप जानते हैं ?**

क्रिकेट की पिच हमेशा 22 गज ही इसलिए रखी जाती है क्योंकि ब्रिटेन में जब क्रिकेट का जन्म हुआ, तब पिच की लंबाई 1 चेन के बराबर रखी गई, जो 22 गज होती है. चेन उस समय माप की इकाई थी और इसे क्रिकेट के लिए आदर्श माना गया था।

# पद्य पंकज

"

मैंने स्वप्न देखा कि
जीवन आनंद है,
मै जागा और पाया कि
जीवन सेवा है,
मैनें सेवा की और पाया कि
सेवा में ही आनंद है।

**रविन्द्र नाथ टैगोर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# जयंती पर कोटि-कोटि नमन

**मानव कंप्यूटर**

## शकुन्तला देवी

4 नवम्बर 1929 - 21 अप्रैल 2013



Madhu priya